## संक्षिप्त

### परशुराम जयंती की तैयारियां जोरों पर

**फागी, (निसं)।** कस्बे में 22 अप्रेल को मनाये जाने वाले परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां जोरो पर है। श्री छन्यात परशुराम युवा मण्डल एवं छन्यात ब्राह्मण समाज समिति फागी के बेनर तले आयोजित इस समारोह के लिए विभिन्न जिम्मेदारियों के लेकर बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता समाज अध्यक्ष किशन दाधीच ने की। युवा मण्डल ने तहसील के चकवाडा चौरू नारेडा मण्डावरी मण्डावरा मेंदवास नीमेडा सहित एक दर्जन गांवों का दौरा कर समाज जनों को आमंत्रण पत्र सौपते हुए कार्यक्रम में पधारने का न्यौता दिया।

### महायज्ञ में 6 लाख आहुतियां दी

**जयपुर, (निसं)।** तहसील आमेर के ग्राम रूण्डल स्थित श्री जमदग्नि ऋषि परशुराम रेणुका तीर्थ आश्रम में विश्वकल्याण और विश्व शांति के लिए शुरू हुए 108 कुण्डीय महालक्ष्मी गणेश महायज्ञ में मंगलवार को महालक्ष्मी और गणेश मंत्र से यजमानों द्वारा अब तक 6 लाख आहुतियां दी जा चुकी है। परशुराम रेणुका तीर्थ स्थल आश्रम में महंत श्री श्री 108 रविदास जी महाराज द्वारा आयोजित इस महायज्ञ के आचार्य श्री महंत गणेशदास जी महाराज (अयोध्या धाम) ने बताया कि यज्ञ से श्रेष्ठ अन्य कोई सतकर्म नहीं है। यज्ञ में समस्त जीवों का कल्याण निहित होता है और वातावरण की शुद्धि होती है।

### हिंगलाज माता का मेला 24 से

**नरैना, (निसं)।** ग्राम पंचायत श्रीरामपुरा के मंडपी ग्राम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले हिंगलाज माता मेले को लेकर तैयारियां जोरों पर है। श्री हिंगलाज आई सोनल भैरव धाम निजी प्रन्यास के अध्यक्ष शिव सिंह किसनावत ने बताया कि प्रतिवर्ष माता का पाटोउत्स को मेले के रूप में मनाया जाता है क्षेत्र के आसपास में हिंगलाज माता मंदिर न होने के कारण श्रद्धालु दूर-दूर से आकर के माता के दर्शन पाते हैं तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान हवन जागरण एवं भंडारा सहित मां की शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए प्राचीन भेरुजी मंदिर तक ढोल बाजे नगाड़े के साथ पहुंचती है।

# 108 कुंडीय सीताराम महायज्ञ सम्पन्न, हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की

■ हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़ ने दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की

**शाहपुरा, (निसं)।** खोरी ग्राम स्थित परमानंद धाम मंदिर में त्रिवेणीधाम के ब्रह्मलीन पद्मश्री नारायणदासजी महाराज की प्रेरणा व खोजीद्वाराचार्य रामरिछपालदासजी महाराज के आशीर्वाद व हरिओमदासजी के सान्निध्य में चल रहे 108 कुंडीय सीताराम महायज्ञ मंगलवार को पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हो गया।

पूर्णाहुति पर हेलीकॉप्टर से महायज्ञ पर पुष्पवर्षा की गई। समापन पर हजारों की संख्या में उमड़ भीड़ ने दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की। यज्ञाचार्य पंडित अंबिकेश शर्मा, उप आचार्य पंडित पवन टीलावत, यज्ञ ब्रह्मा पंडित पवन मिश्र रमाकांत टिलावत, वेदप्रकाश शर्मा, विशाल शर्मा त्रिवेणी धाम ने पूजा अर्चना करवाकर खोजीद्वाराचार्य रामरिछपालदासजी महाराज व हरिओमदासजी महाराज की मौजूदगी में पूर्णाहुति दिलवाकर महायज्ञ का समापन किया।

महायज्ञ में कुल 1 करोड़ 5 लाख 21 हजार आहुतियां दी गई। पीसीसी सदस्य मनीष यादव, चेयरमैन बंशीधर सैनी, प्रधान मंजू शर्मा, भाजयुमो नेता



खोरी ग्राम में 108 कुंडीय सीताराम महायज्ञ के समापन पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाये।

देवायुष सिंह, प्रीति चौधरी, सरपंच मेवा देवी बुनकर, राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के अध्यक्ष उपेन यादव फूलचंद भिंडा, युवा नेता प्रवीण व्यास, नवल मिश्रा, बनवारीलाल गंगावत, ललित किशोर शर्मा, दुर्गा प्रसाद शर्मा, श्याम सुंदर जोशी, डॉक्टर सुरेंद्र मोहन, पार्षद इन्द्रराज पलसानिया, व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, किसान नेता रामलाल जाट , जवाहर तिवाड़ी, मुकेश खुडानिया रवि शर्मा जसवंतपुरा, विजय अग्रवाल, महेश पारीक, सुनील बिहाझर वाले, योगेश चुड़ला, अशोक गुप्ता, शंकर चुड़ला सहित कई जनप्रतिनिधि ने शिरकत की।

महंत हरिओमदासजी महाराज ने शांतिपूर्ण रूप से महायज्ञ सम्पन्न होने पर आमजन एवं सेवा में जुटे कार्यकर्ताओं को साधुवाद दिया। यज्ञ में बैठने वाले यजमानों को परिजनों व रिश्तेदारों ने वस्त्र भेंटकर सम्मान किया। अखिल भारतीय श्रीपंच रामानंदी खाकी अखाड़ा महंत अध्यक्ष मोहनदास महाराज, अवधेशदास बंशीवाले महाराज जयपुर, रामनरेशदास सूरत, रामचरणदासजी महाराज, सहित कई संत महात्मा मौजूद रहे। श्रीरामकृष्ण कला अनुकरण संस्थान के कलाकारों ने रासलीला का भव्य मंचन किया। इस दौरान बृज प्रसिद्ध लठ मार होली की बेहतरीन प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पूर्णाहुति होने पर हेलीकॉप्टर से गुलाब के फूलों की वर्षा की गई। हेलीकॉप्टर ने पांच छह चक्कर काटकर पुष्प बरसाएं।

### सड़क निर्माण का विधायक ने अवलोकन किया

**चौमूं / कालाडेरा ( निसं )** चौमूं उपखण्ड की ग्राम पंचायत अनंतपुरा में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन मंगलवार को विधायक रामलाल शर्मा के द्वारा किया गया। जेडीए द्वारा भेरुराम कुम्हार के मकान से भेरु की ढाणी के चौराहे तक डामर सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है, उक्त सड़क की कुल लंबाई 1.5 किमी है। विधायक रामलाल शर्मा ने सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को कार्य की पूर्ण गुणवत्ता और पूर्ण मापदंड के आधार पर निर्माण कार्य करवाने के लिए निर्देशित किया। इस मौक़े पर भाजपा देहात मंडल बासा अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, नान्छीलाल शर्मा, किशनलाल कोटोत्या, तोफ़ान मल भोपालावत, कालूराम जाट, रामलाल, नाथूलाल , महावीर सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# टोंक में जिला सरपंच संघ ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

■ पन्द्रवें केन्द्रीय वित्त आयोग की करीबन 1500 सौ करोड़ रूपये बकाया राशी जारी करने सहित अन्य मांगें

**टोंक, (निसं)।** जिला सरपंच संघ टोंक ने केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार से ग्राम पंचायतों की लम्बित चली आ रही मांगों को पूरी करने की मांग को लेकर मंगलवार को प्रधानमंत्री, केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, सांसद, मुख्यमंत्री राजस्थान एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री के नाम कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा है।

जिला कलेक्टर को दिये ज्ञापन में चेतावनी दी है कि उनकी मांगे नहीं माने जाने पर तालाबंदी कर 24 अप्रेल से चलने वाले महंगाई राहत कैम्प व प्रशासन गांव के संग अभियान का बहिष्कार किया जायेगा। जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश मीणा ने बताया कि ज्ञापन में पन्द्रवें केन्द्रीय वित्त आयोग की करीबन 1500 सौ करोड़ रूपये



जिला सरपंच संघ ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

बकाया राशी जारी करने, राज्य वित्त आयोग 2022-23 की दोनों किश्ते जो करीबन 3000 करोड रूपये राज्य सरकार पर बकाया है, इसे शीघ्र ग्राम पंचायतों के खातों में हस्तान्तरित करने, पन्द्रवें केन्द्रिय वित्त आयोग के मद के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा बनाये जा रहे वार्षिक प्लान में अमेंडमेंट में शिथिलता प्रदान करने एवं पन्द्रवें केन्द्रिय वित्त आयोग में केन्द्र सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों एवं पंचायतीराज संस्थाओं को दिये जाने वाले अनुदान में बढोतरी में कटोती नहीं कर कर बढाये जाने की मांग की है। सरंपचों ने वार्ड पंचों का भत्ता 500 रूपये प्रति बैठक किया जावे। इस अवसर पर सरपंच कैलाश चंद शर्मा, गीता देवी जाट, शंकरलाल सैनी, मौसमी, शांतिलाल मीणा, रामलाल मीणा, रूपनारायण कुम्हार, चौथमल मीना एवं नेमीचंद मीना आदि मौजूद थे।

# सांसद व विधायक सहित एक दर्जन से अधिक नेता न्यायालय में हुए पेश

■ न्यायालय एसीजेएम ने 5-5 हजार की ली जमानत

■ 2020 में कोरोना गाइडलाइन व महामारी एक्ट की अवहेलना पर हुए थे मामले दर्ज

**मालपुरा, (निसं)।** पचेवर थाना क्षेत्र के एक गांव में लड़की के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म मामले में पीड़ित को न्याय दिलाने व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी कार्यालय के बाहर धरना देने पर भाजपा सांसद व विधायक सहित एक दर्जन से अधिक भाजपा नेताओं के विरूद्ध मालपुरा थाने में कोविड उल्लंघन व महामारी एक्ट के मामले में सीआईडीसीबी की जांच रिपोर्ट के बाद थाना पुलिस ने सभी के विरूद्ध न्यायालय में चालान पेश किया।

न्यायालय के तामिल नोटिस पर मंगलवार को भाजपा नेता न्यायालय में पेश हुए। न्यायालय एसीजेएम ने आरोपियों को 5-5 हजार के मुचलके पर जमानत ले राहत पहुंचाते हुए अगली सुनवाई के लिए 22 अगस्त की। भाजपा नेताओं की पैरवी कर रहे पूर्व पालिका अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार जैन ने बताया कि सामुहिक दुष्कर्म मामले में पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगा कार्यालय के बाहर कोरोना गाईडलाईन की पालना करते हुए धरना दिया गया था। जिस पर थाना पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच सीआईडीसीबी को सौंपी गई थी। सीआईडीसीबी की जांच रिपोर्ट में टोंक सवाईमाधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, मालपुरा विधायक कन्हैयालाल चौधरी, देवली उनियारा पूर्व विधायक राजेन्द्र गुर्जर, एससी मोर्चा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश चंदेल, गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति जिला संयोजक बच्छराज गुर्जर, टोंक जिला प्रमुख के पति व भाजपा नेता नरेश बंसल, डीआर रामचन्द्र गुर्जर, बीजेपी शहर अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन, डुंगरी सरपंच शंकर लाल भडाणा, नरेन्द्र कुमार जैन, सरपंच पति लक्ष्मीनारायण जाट, विष्णु शर्मा निवाई, महावीर कांटोली, नारायण सिंह आमली व भंवर लाल प्रजापत को आरोपी मानते हुए कोविड उल्लंघन व महामारी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज कर न्यायालय एसीजेएम रेशमा जनवानी की अदालत में चालान पेश किया गया। सभी आरोपियों को नोटिस तामिल करवाये गये। एक आरोपी भंवरलाल प्रजापत का निधन हो गया तथा मंगलवार को नरेश बंसल व बच्छराज गुर्जर को छोड़ शेष 12 भाजपा सांसद विधायक व नेता न्यायालय में पेश हुए। जमानत के बाद मीडिया से मुखाबित हुए सांसद व विधायक सहित भाजपा नेताओं ने कहा कि एक पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग करने पर पुलिस ने फरियादियों के विरूद्ध ही मामले दर्ज कर मुल्जिम बना दिया।

### राजगढ़ में अब टीबी रोगियों की जांच होगी

**राजगढ़, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के टी बी रोगियों को जांच के लिए अब अलवर नहीं जाना पड़ेगा। 25 लाख की लागत से सीबीनाट मशीन राजगढ़ चिकित्सालय में उपलब्ध है।

प्रभारी डॉ. रमेश मीणा ने बताया कि इस मशीन में एक साथ 4 सैंपल की जांच हो सकेगी। मशीन की सुविधा मिलने से रोगी की स्थिति जांच एवं शीघ्र उपचार शुरू हो सकेगा। यूनिट से जुड़े महेंद्र पाराशर ने बताया कि चिकित्सालय में रोगियों की निशुल्क जांच एवं निशुल्क दवा सुविधा उपलब्ध है। सरकार की ओर से पोषण योजना के तहत 500 की राशि रोगी के खाते में सीधे जमा कराई जाती है।

### सड़क पर उड़ती धूल-मिट्टी से आमजन परेशान

**कोटपूतली, (निसं)।** शहर में मास्टर प्लान सड़क विस्तारीकरण के लिए की गई कार्रवाई में अधिकांश हिस्सा वार्ड नं. 19 का है। नगर परिषद द्वारा अब तक चार चरणों में कार्यवाही की जा चुकी है।

पहले चरण में मुख्य चौराहे से परानी नगरपालिका तिराहे तक, दूसरे चरण में लाल कोठी से शनि मन्दिर तक तीसरे चरण में स्टे हटने के बाद बचे भवनों पर और चौथे चरण में आजाद चौक में कार्यवाही की गई।

कार्यवाही को करीब 6 महीनों से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी अब तक मार्ग पर ना तो सडक बनाने का काम किया गया है ना ही आजाद चौक, मैन बाजार व मौहल्लों में रोड़ लाईट चालू की गई है ओर ना ही नालों, लिंक नालियों व क्रोस का निर्माण करवाया गया है।

वार्ड नं. 19 की पार्षद मीनू बंसल ने नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा व सभापति पुष्पा सैनी को पत्र लिखकर अवगत कराया कि शहर की क्षतिग्रस्त सडक पर उड़ती धूल-मिट्टी से व्यापारियों व आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे उनका व्यापार भी प्रभावित हो रहा है साथ ही लोगों को एलर्जी, खांसी, दमा जैसी बीमारियां भी हो रही हैं। जिसको लेकर पार्षद ने सडक निर्माण होने तक पानी के नियमित छिड़काव किये जाने, वार्ड में रोड़ लाईट चालू कराने, लिंक नालियों व नालों का निर्माण करवाने सहित अन्य समस्याओं के शीघ्र समाधान की माँग की है।

# 27 घण्टे तक चले धरना प्रदर्शन के बाद बनी सहमति

■ मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा

■ दुकान मालिक के टॉर्चर करने से युवक के फांसी लगाकर आत्म हत्या करने का मामला

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के मौहल्ला बुचाहेड़ा निवासी एक युवक के सोमवार शाम फांसी का फंदा लगाकर आत्म हत्या करने के मामले में कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के मुर्दाघर के सामने परिजनों समेत जनप्रतिनिधि धरने पर बैठ गये। मामले में लगातार 27 घण्टों तक चले धरना प्रदर्शन के बाद दोनों पक्षों में सहमति बन जाने के बाद मंगलवार शाम मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि सोमवार शाम कस्बे के वार्ड नं. 34 मौहल्ला बुचाहेड़ा निवासी ओमप्रकाश (38) पुत्र रामकरण शर्मा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस पर मृतक के ममेरे भाई पावटा के कल्याणपुरा निवासी रामकुंवार शर्मा ने स्थानीय थाने पर रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया था कि मृतक ओमप्रकाश पावटा स्थित एक मोबाईल की दुकान पर सैल्समैन की नौकरी करता था। जहाँ से



कोटपूतली में ग्रामीण धरने पर बैठे ।

दिसम्बर 2022 में उसने नौकरी छोड़ दी थी। इसके बावजुद दुकान मालिक व उसका चाचा मृतक ओमप्रकाश को 206 मोबाईल कम होने का आरोप लगाते हुए टॉर्चर कर रहे थे। जिससे वह बुरी तरह से आहत था। इसको लेकर मृतक ने कई बार ममेरे भाई को मैसेज कर मामले को निपटाने की गुहार लगाई थी। सोमवार को भी दिन भर में करीब 15 मैसेज किये थे। जिससे तंग आकर उसने फांसी के फंदे से झुलकर आत्म हत्या कर ली।

मृतक के शव को अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया था। किन्तु परिजनों ने मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। परिजनों का कहना था कि जब तक कड़ी कार्यवाही करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार नहीं किया जायेगा मृतक का पोस्टमार्टम नहीं करवाया जायेगा।

वहीं मंगलवार तडके विराटनगर के भाजपा नेता कुलदीप धनकड़ समेत पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, भाजपा नेता मुकेश गोयल, जनता दल नेता रामनिवास यादव, एड. बजरंग लाल शर्मा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलायें भी धरने पर बैठ गये। माहौल बिगड़ता देखकर एएसपी विधा प्रकाश ने कोटपूतली के अलावा चार थानों की पुलिस को भी मौके पर बुला लिया। राजकीय अस्पताल में प्रथम दौर की वार्ता निष्फल रहने के बाद मृतक के परिजन व धरणार्थी कोटपूतली थाने के बाहर आकर धरने पर बैठ गये।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने कार्यवाही की मांग को लेकर पुलिस अधिकारियों को जमकर खरी खोटी भी सुनाई। बाद में एएसपी कार्यालय में परिजनों व प्रशासन के बीच सहमति बनने व मामले में उचित कार्यवाही का आश्वासन दिये जाने पर परिजन पोस्टमार्टम करवाये जाने को राजी हुए। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### सचिन यादव जिलाध्यक्ष बने


**कोटपूतली, (निसं)।** राष्ट्रीय सरपंच संघ के अध्यक्ष जयराम पलसानियां ने संगठन का विस्तार करते हुए जयपुर में हुई सरपंच संघ की बैठक में ग्राम पंचायत शुक्लावास के युवा सरपंच सचिन यादव को सर्वसम्मति से जिला कोटपूतली-बहरोड़ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

पलसानियां ने बताया कि सचिन यादव के संगठन के प्रति दृढ़ संकल्प व कार्यशीलता को देखते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु उन्हें जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरपंच यादव ने जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम पलसानियां व सभी सरपंचों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि वह इस पद की गरिमा को बनाते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई करके ग्राम पंचायत शुक्लावास के सरपंच बने सचिन यादव ने कम उम्र व कम समय में ही गांव में विकास के नए आयाम स्थापित करके विकास की नई इबारत लिख रहे हैं।

सरपंच ने गांव के मुख्य द्वार व रास्तों पर 16 सीसीटीवी कैमरे, गांव के मुख्य रास्तों में रोड़ लाईट, गांव की गली मोहल्ले व ढ़ाणियों में इंटरलॉकिंग टाईल्स के पक्के रास्ते, गांव में पीने के पानी के लिए आर ओ प्लांट की स्थापना, शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु वातानुकूलित लाईब्रेरी, श्मशान भूमि बेजोड़ में वृक्षारोपण सहित सैकड़ों विकास कार्य करवाकर जनप्रतिनिधि होने का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है।

## सार-समाचार

### बिजली विभाग के दफ्तर के पास थड़ियों का जमावडा



**चाकसू, (निसं)।** कस्बे के टोंक रोड पेट्रोल पंप के सामने स्थित स्थित बिजली विभाग की बाउंड्री के बाहर दोनो ओर से अवैध थड़ियों, ठेलो व दुकानों से घिरा हुआ है। जहां दिन-रात चोर, हुचक्के, शराबीयों व मनचले लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। जिस कारण इन दिनों बिजलीं विभाग का स्टोर रूम से रिकॉर्ड, बिजलीं के तार के साथ कई उपयोगी सामान चोरी हो रहा है। मामले को लेकर बिजलीं विभाग भी हरकत में आ गया और सहायक अभियंता ने मंगलवार को उपखण्ड अधिकारी के साथ -साथ नगरपालिका ईओ को पत्र लिखकर ऑफिस के बाहर लगी थडियों को हटाने की मांग की है। सहायक अभियंता ने अपने पत्र में लिखा कि अवैध थडियों पर आवारा लोगों का जमावड़ा जमा रहता है जिससे ऑफिस का काफी नुकसान हो रहा है । वही दुसरीं ओर सहायक अभियंता के पत्र से अवैध थडियों के संचालकों में अफरा -तफरी मच गई है ।

### हिदा मीणा की 335 वीं जयंती मनाई

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** मीणा समाज स्वतंत्रता सेनानी संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को शहर में संस्था संयोजक विमल कुमार पबड़ी की अध्यक्षता में सर्वसमाज ने बाहुबली योद्धा हिदा मीणा की 335 वीं जयंती कार्यक्रम आयोजित की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मीणा योद्धा सदैव मातृभूमि के लिए समर्पण भाव से कार्य किया है, वीर योद्धा हिदा मीणा ने वर्ष 1734 में महज 46 साल की उम्र में तत्कालीन जयपुर नरेश जयसिंह के लिए दक्षिण भारत से विष्णु भगवान की मूर्ति युद्ध करके घोड़े पर अपनी पीठ पर बांधकर लाकर दी थी। इससे पूर्व लोगों ने बाहुबली योद्धा हिदा मीणा के चित्रों माल्यार्पण करके कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जगदीश प्रसाद, बिहारी लाल ने कहा कि वीर और योद्धा सदैव एक समाज के नही बल्कि तत्कालीन समाज की सुरक्षा का जिम्मा लेकर कार्य करते थे, ऐसे में इन योद्धाओं को एक समाज के दायरे में बांधना इनके बलिदान से साथ गलत धारणा होगी। इस अवसर पर अशोक मीणा पूर्व पार्षद ,जगदीश मीणा ,चौथमल , जितेंद्र, बीरबल ,बिहारी ,रतन ,मदन, राजेंद्र,नरेंद्र, देशराज ,प्रह्लाद, मुन्ना लाल ,महेंद्र मीणा कार्यक्रम में अनेक लोग मौजूद थे।

### टोंक के छात्रों ने मेडल जीते

**टोंक, (निसं)।** स्टेयर्स नेशनल स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा इंदिरा गांधी नेशनल स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 14 से 16 अप्रैल तक टोंक जिले के 7 खिलाड़ी जिसमें दर्शिका चौधरी, गरिमा सैनी, यासिर महबूब, लोकेंद्र वर्मा, जय वर्मा, गुलशन वर्मा, कौशल मीणा में से जय वर्मा ने केडिट छात्र, 50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक तथा दर्शिका ने महिला केडिट 41 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर टोंक जिले का नाम रोशन किया है। टीम मैनेजर कृष्ण मुरारी प्रजापत ने बताया कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती होने के कारण खेल बाधित रहा इसलिए 16 अप्रैल को देर रात तक खेल का आयोजन किया गया। टीम मैनेजर द्वारा बताया गया कि 25 दिसंबर 2022 से 27 दिसंबर 2022 तक राजस्थान स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन जयपुर में किया गया था, जहां से टोंक के 7 छात्र- छात्राओं का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ था। 17 अप्रेल को शाम को दिल्ली से टोंक लोटकर आए सभी खिलाडियों का बस स्टैंड टोंक पर माला पहनाकर तथा आतिशबाजी करके जोरदार स्वागत किया गया।

### गर्भ कल्याणक महोत्सव मनाया

**फागी, (निसं)।** कस्बे के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर ,पारसनाथ जैन मंदिर , चंद्रप्रभु नसिया, चंद्रपुरी जिनालय तथा त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर सहित परिक्षेत्र के चकवाड़ा, चोरू, नारेड़ा ,मंडावरी, मेहंदवास, निमेड़ा, लदाना, के जिनालयों में आज जैन धर्म के पन्द्रहवें तीर्थंकर धर्मनाथ भगवान का गर्भ कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव के साथ जोर शोर से मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में इससे पूर्व अभिषेक, शांतिधारा एवं अष्टद्रव्यों से पूजा हुई, तथा पूजा के दौरान धर्मनाथ भगवान का सामूहिक रूप से भक्ति भाव के अर्घ्य चढ़ाया गया, कार्यक्रम में फागी जैन समाज के चंपालाल जैन, अग्रवाल समाज फागी के अध्यक्ष महावीर झंडा, सरावगी समाज के महावीर अजमेरा,राजाबाबु गोधा, सत्येन्द्र कुमार झंडा, अशोक नला , सुनील गंगवाल, पवन गंगवाल, बाबूलाल पहाड़िया, विकास पहाड़िया, नरेंद्र झंडा, तथा अविनाश पहाड़ियासहित सभी श्रावक श्राविकाएं मौजूद थे।

### बूथ अध्यक्षों से जनसंपर्क किया

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ में जीत का संकल्प लेकर जागरूकता में बहरोड़ के बूथ संख्या 75 भगवाड़ी कलां, 76 खुर्भगवाड़ी खुर्द, 77 कुरेली, 78 बालपुरा में जनसंपर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति के चलते बूथ अध्यक्षों को कार्ड वितरित करते हुए 30 अप्रैल को आयोजित मन की बात के 100 वें एपिसोड को ऐतिहासिक बनाने के लिए जनसंपर्क किया। इस दौरान विधानसभा बहरोड़ के संयोजक बलवान सिंह यादव व मंडल अध्यक्ष संजय मीर एवं विस्तारक बाबूलाल शर्मा के द्वारा बूथ अध्यक्षों को कार्ड वितरित करने के साथ ही रणनीति बनाकर सभी कार्यकर्ताओं को 30 अप्रैल को पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रत्येक शक्ति शक्ति केंद्र पर प्रसारण करने की जानकारी देकर भगवाड़ी कलां, भगवाड़ी खुर्द, कुरेली एवं बालपुरा में कार्ड वितरित किए गए।

### ए.एस.आई. चौधरी सम्मानित

**पावटा, (निसं)।** राजस्थान पुलिस दिवस पर सीकर में रेंज स्तरीय कार्यक्रम में प्रागपुरा थाना एएसआई जयराम चौधरी को महतत्वपूर्ण व सराहनीय कार्यों को लेकर डीजीपी डिस्क अवार्ड व प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रागपुरा थाना एएसआई जयराम चौधरी द्वारा थाना इलाका प्रागपुरा, जयपुर ग्रामीण व सीकर में एटीएम वारदातों का खुलासा कर आरोपियों को पकड़ने, राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर वाहनों को चिंहित कर उन्हें हाई जैक कर सुनसान एरिये में ले जाकर लूटपाट करने वाली गैंग व शेरू खां मेवात हरियाणा गैंग को पकडवाने, जयपुर ग्रामीण, अलवर की करीब 13 वारदातों का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने और सराहनीय कार्य के चलते राजस्थान पुलिस दिवस पर सीकर में रेंज स्तरीय कार्यक्रम में डीजीपी डिस्क अवार्ड से समानित किया गया।

### विश्व विरासत दिवस पर प्रदर्शनी लगाई

**टोंक, (निसं)।** विश्व विरासत दिवस के अवसर पर मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी फारसी शोध संस्थान में हमारी विरासत को दर्शाते हुए एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन हाजी मुहम्मद हुसैन एंव दूलीचंद द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में नम्दा आर्ट के नमूने, रियासत कालीन मीलाद शरीफ की इमारत व महत्वपूर्ण रियासतकालीन दुर्लभ ऐतिहासिक इमारतों के चित्रों की प्रदर्शनी व चहार बैत कलाकारों द्वारा प्रदर्शन, टोंक के मुशायरे, शाम-ए-गजल, कव्वाली व हिन्दी, अरबी व फारसी के कैलीग्राफी नमूनों को प्रदर्शित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. सैयद सादिक अली ने इस प्रदर्शनी की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि भारत में ऐसे विरासत स्थलों की कुल संख्या 40 है, जिनमें से 32 स्थल सांस्कृतिक, 7 स्थल प्राकृतिक व 1 स्थल मिश्रित श्रेणी से हैं ।

### जैन मुनि का ससंघ मंगल प्रवेश

**बोराज, (निसं)।** आचार्य जैन मुनि विवेक सागर महाराज ने मंगलवार को सायंकाल ससंघ बोराज में मंगल प्रवेश किया। जैन मुनि के साथ मुनि वैराग्य सागर, मुनि अर्चित सागर, एलक विप्रमान सागर, ब्रह्मचारिणी सरिता दीदी, ब्रह्मचारिणी अर्चना दीदी, ब्रह्मचार्य राजीव भैया का सकल दिगंबर जैन समाज के लोगों ने कस्बे की सीमा पर जाकर बैंड बाजे के साथ अगवानी की एवं मुनिसंघ को पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर लाया गया ।मंदिर में चौबीस तीर्थंकरों के दर्शनों के बाद ससंघ मुनि जैन धर्मशाला पहुंचे जहाँ जैन बंधुओं ने आचार्य मुनि की आरती की एवं आशीर्वचन लीये। इस अवसर पर पंकज जैन ,महावीर लुहाड़िया आदि मौजूद रहे।